कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 01.08.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

# डॉ0 एम0 लक्ष्मी प्रसूना का सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के वनस्पतिशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ0 एम0 लक्ष्मी प्रसूना के सेवानिवृत्ति के अवसर पर बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि सेवानिवृत्त हमें नकारात्मक रूप में नहीं अपितु सकारात्मक रूप में लेना चाहिए। सेवाकाल में हम बहुत सारे बंधनों में बंधे रहने के कारण जीवन के बहुत सारे आवश्यक कार्य नहीं कर पाते। सेवानिवृत्ति के पश्चात् अपने जीवन की अधूरी ईच्छाओं एवं महत्वपूर्ण कार्य को करने का अवसर प्राप्त होता है। डॉ0 प्रसूना अपने कर्त्तव्य के प्रति समर्पित निष्ठावान रही हैं। हमारे महाविद्यालय में उनका योगदान अविस्मरणीय है। इस अवसर पर डॉ0 प्रसूना ने कहा कि महाविद्यालय में सबका प्यार, सहयोग एवं सम्मान मिला। सबका व्यवहार अत्यंत आत्मीय रहा है। महाविद्यालय को जब भी मेरी आवश्यकता होगी, सेवा के लिए मैं तत्पर रहूंगी। डॉ0 अनुजा चौहान ने कहा कि प्रसूना मैडम सम्पूर्ण सेवाकाल में समर्पण कार्य के प्रति सजगता, हर विषम परिस्थिति में अपने कार्यों को प्राथमिकता देकर पूर्ण किया। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। इस अवसर पर प्रसूना मैडम के पति श्री वेंकटेश राव ने भी अपने विचार रखे। डॉ0 रंजना श्रीवास्तव ने डॉ0 प्रसूना को पुष्पगुच्छ, शॉल, श्रीफल देकर सम्मानित किया। बिदाई समारोह के इस अवसर पर डॉ0 अनिल जैन, डॉ0 अमिता सहगल, डॉ0 मीरा गुप्ता के साथ पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 मिलिन्द अमृतफले ने किया।

*टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
**प्राचार्य**
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# डॉ0 एम0 लक्ष्मी प्रसूना का सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह



